झारखण्ड सरकार राज्य की जनता को सस्ते दर पर पर्याप्त बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं राज्य को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने हेतु कई योजनाओं पर काम कर रही है। **100 यूनिट बिजली मुफ्त योजना** के तहत राज्य के सभी घरेलू एवं शहरी उपभोक्ताओं, जिनका विद्युत् खपत 100 यूनिट तक है, को 100 यूनिट बिजली मुफ्त का लाभ प्रत्येक माह दिया जा रहा है। प्रत्येक माह इस योजना का लाभ लगभग 18 लाख उपभोक्ता उठा रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, राज्य में गुणवत्तापूर्ण निर्बाध बिजली आपूर्ति करना सरकार का लक्ष्य है। 100 यूनिट बिजली मुफ्त योजना के तहत राज्य के सभी घरेलु एवं शहरी उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ अगस्त, 2022 से दिया जा रहा है। इस योजना का लाभ लगभग 18 लाख उपभोक्ता उठा रहे हैं। वर्ष 2023–24 में इस योजना को जारी रखने हेतु बिजली उपभोक्ताओं को सब्सिडी प्रदान करने के लिए 2,300 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है।